Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या

Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

320919

Zoology

Subject Code/विषय कोड : 32

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination/परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

Space for Rough Work

कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. A girl introduced a boy as the son of the daughter of the father of her uncle. The boy is girl's :

(a) Brother

(b) Son

(c) Uncle

(d) Son-in-law

2. World Evironment Day is observed on :

(a) June 5

(b) June 6

(c) June 7

(d) June 8

3. NIA stands for :

(a) National Information Authority

(b) National Investigation Authority

(c) National Intelligence Agency

(d) None of the above

1. एक लड़की ने एक लड़के को अपने चाचा के पिता की पुत्री के पुत्र के रूप में परिचय करवाया। वह लड़का उस लड़की का..... है ।

(अ) भाई

(ब) पुत्र

(स) चाचा

(द) जंवाई (दामाद)

2. विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है :

(अ) 5 जून को

(ब) 6 जून को

(स) 7 जून को

(द) 8 जून को

3. एन.आई.ए. का अर्थ है :

(अ) राष्ट्रीय सूचना प्राधिकरण

(ब) राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण

(स) राष्ट्रीय जाँच एजेन्सी

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. Which is laughing gas ?

(a) Nitrous oxide

(b) Ammonia

(c) Ammonia chloride

(d) None of the above

5. Doctor : Nurse : : ? : Follower :

(a) Employer

(b) Worker

(c) Manager

(d) Leader

6. Find out the odd man :

(a) Poland

(b) Korea

(c) Greece

(d) Italy

4. निम्न में से कौनसी 'हँसी' की गैस है ?

(अ) नाइट्रस ऑक्साइड

(ब) अमोनिया

(स) अमोनिया क्लोराइड

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. डॉक्टर : नर्स : : ? : फालोअर :

(अ) नियोजक

(ब) कामगार

(स) प्रबंधक

(द) नेता

6. विषम को पहचानिये :

(अ) पोलैण्ड

(ब) कोरिया

(स) ग्रीक

(द) इटली

7. In a row of trees, one tree is fifth from either end of the row. How many trees are there in a row ?

(a) 8

(b) 7

(c) 9

(d) 10

8. Laxman went 15 km to the west from his house, then he turned left 20 km, then he turned east and walked 25 km and finally turned left and walked 20 km. How far was he from his house ?

(a) 5 km

(b) 40 km

(c) 10 km

(d) 20 km

7. वृक्षों की शृंखला में, एक वृक्ष दोनों तरफ से 5वें स्थान पर है। उस शृंखला में कितने पेड़ हैं ?

(अ) 8

(ब) 7

(स) 9

(द) 10

8. लक्ष्मण अपने घर से 15 किमी पश्चिम में गया, वहाँ से वह बायें मुड़ा और 20 किमी गया, फिर वह पूर्व में मुड़ा और 25 किमी चला, उसके बाद वह बायें मुड़ा और 20 किमी चला । बताइये वह अपने घर से कितनी दूर था ?

(अ) 5 किमी

(ब) 40 किमी

(स) 10 किमी

(द) 20 किमी

9. 1, 4, 9, 16, 25, ...?.....

(a) 35

(b) 48

(c) 49

(d) 36

10. Ashish is heavier than Govind, Mohit is lighter than Jack, Pavan is heaviest than Jack but lighter than Govind. Who among them is the heaviest ?

(a) Govind

(b) Jack

(c) Pavan

(d) Ashish

9. 1, 4, 9, 16, 25, ...?.....

(अ) 35

(ब) 48

(स) 49

(द) 36

10. आशीष गोविन्द से भारी है, मोहित जैक से हल्का है, पवन जैक से भारी, पर गोविन्द से हल्का है। उन सबमें भारी कौन है ?

(अ) गोविन्द

(ब) जैक

(स) पवन

(द) आशीष

11. Which of the following groups is included under Acoelomata ?

(a) Flat worms

(b) Round worms

(c) Acorn worms

(d) All of the above

12. Animals that belong the phylum Coelenterata are :

(a) Radially symmetrical, triloblastic

(b) Radially symmetrical, diploblastic

(c) Biradially symmetrical, triploblastic

(d) Biradially symmetrical, diploblastic

13. Significance of bee dance is in :

(a) Reproduction

(b) Food and feeding

(c) Aggression

(d) Excretion

11. निम्नलिखित में ऐसीलोमेटा का समूह है :

(अ) चपटे कृमि

(ब) गोल कृमि

(स) छल्लेयुक्त कृमि

(द) उपर्युक्त सभी

12. संघ सीलेन्ट्रेटा में आने वाले प्राणी होते हैं :

(अ) अरीय सममित व त्रिस्तरीय

(ब) अरीय सममित व द्विस्तरीय

(स) द्वि-पार्श्व सममित व त्रिस्तरीय

(द) द्वि-पार्श्व सममित व द्विस्तरीय

13. मधुमक्खियों में नृत्य का महत्त्व है :

(अ) प्रजनन में

(ब) भोजन व खाने में

(स) आक्रामकता में

(द) उत्सर्जन में

14. Notochord in hemichordata is :

(a) Dorsal side

(b) Only in Proboscis

(c) Ventral side

(d) Absent

15. Law of continuity of germplasm was given by :

(a) Weismann

(b) Lamarck

(c) Mendel

(d) Darwin

16. The finches of Galapagos island provide evidence for :

(a) Retrogressive evolution

(b) Special Creation

(c) Adaptive Radiation

(d) Mutation

14. हेमीकॉर्डेटा में नोटोकोर्ड होता है :

(अ) पृष्ठ भाग में

(ब) केवल प्रोबोसिस में

(स) अधर भाग में

(द) अनुपस्थित

15. जनन द्रव्य की निरन्तरता का सिद्धान्त दिया गया था :

(अ) वीज़मैन द्वारा

(ब) लैमार्क द्वारा

(स) मैंडल द्वारा

(द) डार्विन द्वारा

16. गैलेपेगॉस द्वीप के फिंच किस पक्ष में प्रमाण प्रस्तुत करते हैं ?

(अ) प्रतिगामी विकास

(ब) विशिष्ट सृजन

(स) उत्परिवर्तनों द्वारा विकास

(द) नामांतरण

17. In Mesozoic, Jurassic is a :

(a) Period

(b) Epoch

(c) Era

(d) Year

18. Liver and Alimentary canal respectively develop from :

(a) Ectoderm and Endoderm

(b) Mesoderm and Ectoderm

(c) Endoderm and Mesoderm

(d) Mesoderm and Endoderm

19. Mesolecithal eggs are found in :

(a) Eutherians

(b) Echinoderms

(c) Amphibians

(d) Birds

17. मीसोजोइक में, जुरासिक है एक :

(अ) कल्प

(ब) युग

(स) महाकल्प

(द) वर्ष

18. यकृत व आहारनाल का परिवर्धन क्रमशः निम्न से होता है :

(अ) एक्टोडर्म व एन्डोडर्म से

(ब) मीसोडर्म व एक्टोडर्म से

(स) एन्डोडर्म व मीसोडर्म से

(द) मीसोडर्म व एन्डोडर्म से

19. मध्यपीतकी अण्डे पाये जाते हैं :

(अ) यूथेरियन में

(ब) एकीनोडर्म में

(स) एम्फीबियन में

(द) पक्षियों में

20. Emboly during gastrulation involves :

(a) Delamination

(b) Delamination and Involution

(c) Delamination, Involution and Ingression

(d) Delamination, Regeneration, Ingression and Organogenesis

21. The group of animals in which blastopore forms anus is :

(a) Echinodermata

(b) Hemichordata

(c) Chordata

(d) All of the above

20. गैस्ट्रूलेशन में अन्तर्वृद्धि में होता है :

(अ) डीलेमिनेशन

(ब) डीलेमिनेशन व इनवोल्यूशन

(स) डीलेमिनेशन, इनवोल्यूशन व इनग्रेशन

(द) डीलेमिनेशन, रीजेनरेशन, इनग्रेशन व अंगजनन

21. ऐसे प्राणी समूह जिनमें कोरक रन्ध्र से गुदा का निर्माण होता है :

(अ) एकाइनोडर्मेटा

(ब) हेमीकॉर्डेटा

(स) कॉर्डेटा

(द) उपर्युक्त सभी

22. Group in which some animals have calcareous exoskeleton :

(a) Coelenterata

(b) Mollusca

(c) Arthropoda

(d) All the above three

23. Veliger larva is found is the animals of phylum :

(a) Mollusca

(b) Arthropoda

(c) Echinodermata

(d) Cnidaria

24. Common name of Sebella is :

(a) Peanut worm

(b) Peacock worm

(c) Bladder worm

(d) Sea fan

22. निम्न ग्रुप के कुछ प्राणियों में कैल्सियम का बाह्य कंकाल होता है :

(अ) सीलेन्ट्रेटा

(ब) मोलस्का

(स) आर्थ्रोपोडा

(द) उपर्युक्त तीनों

23. वैलिगर लार्वा निम्न समूह के प्राणियों में पाया जाता है :

(अ) मोलस्का

(ब) आर्थ्रोपोडा

(स) एकाइनोडर्मेटा

(द) नाइडेरिया

24. सीबेला का सामान्य नाम है :

(अ) पीनट वर्म

(ब) पीकॉक वर्म

(स) ब्लैडर वर्म

(द) सी-फैन

25. Polyembryony is found in :

(a) Tapeworm

(b) Roundworm

(c) Liverfluke

(d) Obelia

26. The carrier for dengue and encephalitis is :

(a) Aedes

(b) Anopheles

(c) Culex

(d) All of the above

27. The triplet codon at the receptor site of all *t*RNA is :

(a) AUG

(b) CGC

(c) CCA

(d) None of the above

25. बहुभ्रूणता पाई जाती है :

(अ) टेपवर्म में

(ब) राउण्डवर्म में

(स) लिवरफ्लूक में

(द) ओबेलिया में

26. डैंग्यू व एनसिफेलाइटिस के वाहक हैं :

(अ) ऐडीस

(ब) एनोफिलिस

(स) क्यूलेक्स

(द) उपर्युक्त सभी

27. सभी *t*RNA अणुओं के ग्राही सिरे पर उपस्थित त्रिक् कोडोन होता है :

(अ) AUG

(ब) CGC

(स) CCA

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. Cristae in mitochondria are the site for :

(a) Breaking of macromolecules

(b) Oxidative catabolic reactions

(c) Protein synthesis

(d) Phosphorylation of flavoprotein

29. Which nucleotide sequence has four pyrimidine base ?

(a) GATCAATGC

(b) GCUAGACAA

(c) UAGCGGUAA

(d) TGCCTAACG

30. Phenotype of male who has one extra X chromosome will suffer from :

(a) Turner's syndrome

(b) Kleinfelter syndrome

(c) Edward syndrome

(d) Down syndrome

28. माइटोकॉण्ड्रिया में क्रिस्टी स्थल होते हैं :

(अ) वृहत् अणुओं के भंजन के स्थल

(ब) ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रिया

(स) प्रोटीन संश्लेषण

(द) फ्लेवोप्रोटीन का फॉस्फोरायलीकरण

29. कौनसा न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम चार पिरिमिडीन क्षारयुक्त है ?

(अ) GATCAATGC

(ब) GCUAGACAA

(स) UAGCGGUAA

(द) TGCCTAACG

30. एक नर मनुष्य फीनोटाइप जिसमें एक X गुणसूत्र होता है, पीड़ित होगा :

(अ) टर्नर रोग-लक्षणों से

(ब) क्लाइनफेल्टर रोग-लक्षणों से

(स) एडवर्ड रोग-लक्षणों से

(द) डाऊन रोग-लक्षणों से

31. Scansorial adaptations are found in :

(a) Monkeys

(b) Bats

(c) Two toed sloth

(d) All the above three

32. Stripes on the body of tiger indicate :

(a) Signal marks

(b) Concealing colouration

(c) Warning colouration

(d) Aggressive mimicry

33. Pepsin is secreted by :

(a) Zymogen cells

(b) Paneth cells

(c) Brunner's glands

(d) Crypts of Liberkühn

31. आरोहण अनुकूलन पाया जाता है :

(अ) बंदरों में

(ब) चमगादड़ों में

(स) दो टो स्लोथ में

(द) उपर्युक्त तीनों में

32. टाइगर के शरीर पर धारियाँ सूचक हैं :

(अ) संकेत चिह्न

(ब) गोपक रंजन

(स) भयसूचक रंजन

(द) आक्रामक अनुहरण

33. पेप्सिन स्रावित होता है :

(अ) ज़ाईमोजन कोशिकाओं से

(ब) पैनिथ कोशिकाओं से

(स) ब्रूनर ग्रंथियों से

(द) लिबरकून क्रिप्ट से

34. Introduction of foreign genes for improving genotype is :

(a) Biotechnology

(b) Tissue culture

(c) Vernalization

(d) Genetic Engineering

35. Production of a human protein in bacteria by genetic engineering is possible because :

(a) The human chromosome can replicate in bacterial cell

(b) The mechanism of gene regulation is identical in human and bacteria

(c) Bacterial cell can carry out the RNA splicing reactions

(d) The Genetic Code is Universal

34. जीनोटाइप में सुधार के लिये बाह्य जीनों का प्रवेश आता है :

(अ) बायोटेक्नोलॉजी में

(ब) ऊतक संवर्धन में

(स) वर्नेलाइजेशन में

(द) आनुवंशिकी अभियांत्रिकी में

35. आनुवंशिक अभियांत्रिकी के द्वारा किसी मानव प्रोटीन को जीवाणुओं के भीतर पैदा कराया जा सकता है, क्योंकि :

(अ) मानव गुणसूत्र जीवाणु कोशिका के भीतर प्रतिकृति कर सकता है

(ब) जीन नियमन की क्रियाविधि मानव तथा जीवाणुओं में ठीक एकसमान है

(स) जीवाणु कोशिका RNA सम्बन्धन अभिक्रियाएँ सम्पन्न कर सकती हैं

(द) आनुवंशिकी कूट सार्वत्रिक है

36. "Gene-Battery Model" of gene expression in eukaryotes is proposed by :

(a) Jacob and Monod

(b) Britten and Davidson

(c) Beadle and Tatum

(d) Kornberg and Ochoa

37. One gene-one enzyme relationship was established for the first time in :

(a) *Escherichia coli*

(b) *Diplococcus pneumoniae*

(c) *Neurospora crassa*

(d) *Salmonella typhimurium*

36. यूकैरिओट्स में "जीन बैटरी मॉडल" का प्रतिपादन किया था :

(अ) जैकब व मोनोड ने

(ब) ब्रिटन व डेविडसन ने

(स) बीडल व टेटम ने

(द) कोर्नबर्ग व ओकोआ ने

37. एक जीन-एक एंज़ाइम संबंध सर्वप्रथम किसमें स्थापित किया गया था ?

(अ) एशरिकिआ कोलाई

(ब) डिप्लोकॉकस न्यूमोनी

(स) न्यूरोस्पोरा क्रेसा

(द) साल्मोनेला टाइफीमुरियम

38. A segment of DNA has 120 adenine and 120 cytosine bases. The total number of nucleotides present in the segment is :

(a) 120

(b) 240

(c) 60

(d) 480

39. Monocytes and neutrophils are important cells participating in :

(a) Antibody production

(b) Perforin production

(c) Phagocytosis

(d) Passive immunity

38. डी.एन.ए. के एक खण्ड में 120 एडिनीन तथा 120 साइटोसीन क्षार उपस्थित हैं। खण्ड में उपस्थित कुल न्यूक्लियोटाइड की संख्या है :

(अ) 120

(ब) 240

(स) 60

(द) 480

39. मोनोसाइट्स और न्यूट्रोफिल्स किस क्रिया में भाग लेने वाली प्रमुख कोशिकाएँ हैं ?

(अ) प्रतिरक्षियों का निर्माण

(ब) परफोरिन का निर्माण

(स) भक्षानुषण

(द) निष्क्रिय प्रतिरक्षा

40. Plasmids are vector for gene cloning because they :

(a) Replicate freely outside bacterial cells

(b) Self-replicate in bacterial cells

(c) Can be multiplied in culture

(d) Can be multiplied in lab using enzymes

41. Preserving germplasm in frozen state is :

(a) Cryopreservation

(b) Cold storage

(c) In situ preservation

(d) Vernalisation

42. Binding to the tissue is encouraged if bacteria possess :

(a) Capsule

(b) Pili

(c) Flagella

(d) Granules

40. प्लाज़्मिड्स जीन क्लोनिंग के वाहक हैं, क्योंकि :

(अ) जीवाणु कोशिका के बाहर स्वतंत्र रूप से प्रतिलिपिकरण करते हैं

(ब) जीवाणु कोशिकाओं में स्वत: प्रतिलिपिकरण करते हैं

(स) संवर्धन में गुणित हो सकते हैं

(द) एन्ज़ाइम के द्वारा प्रयोगशाला में गुणित हो सकते हैं

41. जमाव की अवस्था में जर्मप्लाज़्म को संरक्षित करना कहलाता हैं :

(अ) क्रायोसंरक्षण

(ब) शीत संरक्षण

(स) स्वस्थान संरक्षण

(द) वर्नेलाइज़ेशन

42. ऊतक से जीवाणु की बन्धता बढ़ जाती है, यदि जीवाणु में उपस्थित हों :

(अ) कवच

(ब) पिलाई

(स) कशाभ

(द) कणिकाएँ (कण)

43. The important feature in the reproduction of a fungus is the :

(a) Septa

(b) Structure of the cell wall

(c) Type of nutrition

(d) Spore

44. When a virus remains with chromosome of the host bacterium for a long period of time, the viral DNA is called :

(a) Adenovirus

(b) Provirus

(c) Baculovirus

(d) Enterovirus

45. All of the following human diseases are due to members of the genus clostridium, *except* :

(a) Botulism

(b) Tetanus

(c) Gangrene

(d) Tuberculosis

43. कवक के प्रजनन में प्रमुख लक्षण होता है :

(अ) पट्ट

(ब) कोशिका भित्ति की संरचना

(स) पोषण का प्रकार

(द) बीजाणु

44. जब एक विषाणु लम्बे समय तक पोषी जीवाणु के गुणसूत्र के साथ रहता है तब विषाणु के डी.एन.ए. को कहा जाता है :

(अ) एडिनोवाइरस

(ब) प्रोवाइरस

(स) बेकुलोवाइरस

(द) इन्टेरोवाइरस

45. निम्न में से किस एक को छोड़कर सभी मानव रोग क्लोस्ट्रीडियम समूह के सदस्यों द्वारा होते हैं ?

(अ) बोट्यूलिज़्म

(ब) टिटेनस

(स) गैंग्रीन

(द) ट्यूबरकुलोसिस

46. Which antibody can cross the placental barrier ?

(a) IgA

(b) IgD

(c) IgG

(d) IgM

47. Petromyzone has the following pairs of gill pouches :

(a) 5 pairs

(b) 6 pairs

(c) 7 pairs

(d) 8 pairs

48. Sigmoid notch is found in :

(a) Radio-ulna

(b) Femur

(c) Tibio-fibula

(d) Humerus

46. कौनसी प्रतिरक्षी अपरा को पार कर सकती है ?

(अ) IgA

(ब) IgD

(स) IgG

(द) IgM

47. पेट्रोमाइजोन में क्लोम कोष्ठ होते हैं :

(अ) 5 जोड़े

(ब) 6 जोड़े

(स) 7 जोड़े

(द) 8 जोड़े

48. सिग्मोइड कूप पाया जाता है :

(अ) रेडियो अल्ना में

(ब) फीमर में

(स) टिबियो-फिब्यूला में

(द) ह्यूमेरस में

49. *Correct* order of layers from outside to inside in the alimentary canal is :

(a) Serosa, submucosa, mucosa, muscular layer

(b) Muscular layer, submucosa, mucosa, serosa

(c) Mucosa, muscular layer, submucosa, serosa

(d) Serosa, muscular layer, mucosa, submucosa

50. Addison's disease is related to :

(a) Adrenal cortex

(b) Adrenal medulla

(c) Parathyroid

(d) Pituitary gland

51. Heart muscles are :

(a) Voluntary and striated

(b) Involuntary and unstriated

(c) Involuntary and branched

(d) Voluntary and branched

49. बाहर से अन्दर की ओर आहारनाल की भित्ति में परतों का **सही** क्रम है :

(अ) सिरोसा, सबम्यूकोसा, म्यूकोसा, पेशी आवरण

(ब) पेशी आवरण, सबम्यूकोसा, म्यूकोसा, सिरोसा

(स) म्यूकोसा, पेशी आवरण, सबम्यूकोसा, सिरोसा

(द) सिरोसा, पेशी आवरण, म्यूकोसा, सबम्यूकोसा

50. ऐडिसन रोग होता है :

(अ) एड्रीनल कॉर्टेक्स

(ब) एड्रीनल मैड्यूला

(स) पैराथायरॉइड

(द) पीयूष ग्रंथि

51. हृदय की माँसपेशियाँ होती हैं :

(अ) ऐच्छिक व रेखित

(ब) अनैच्छिक व अरेखित

(स) अनैच्छिक व शाखायुक्त

(द) ऐच्छिक व शाखायुक्त

52. Wolffian body is the name for :

(a) pronephros

(b) mesonephros

(c) metanephros

(d) None of the above

53. Centrum in reptile vertebrae are :

(a) Procoelous

(b) Amphicoelous

(c) Acoelous

(d) Heterocoelous

54. Scientific name of Indian Python is :

(a) Python reticulatus

(b) Python molurus

(c) Python indri

(d) Python morelia

52. वोल्फी पिंड नाम दिया गया है :

(अ) प्राक्वृक्क को

(ब) मध्यवृक्क को

(स) पश्चवृक्क को

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. सरीसृपों में कशेरुक का सेन्ट्रम होता है :

(अ) अग्रगर्ती

(ब) उभयगर्ती

(स) अगर्ती

(द) विषमगर्ती

54. भारतीय अजगर का वैज्ञानिक नाम है :

(अ) पाइथन रेटिकुलेटस्

(ब) पाइथन मोलुरस

(स) पाइथन इन्ड्राई

(द) पाइथन मौरेलिया

55. Bats are included in the following group :

(a) Insectivora

(b) Fruigivora

(c) Lepidoptera

(d) Chiroptera

56. Littoral form of animals are found in :

(a) Fresh water, deep

(b) Sea water, shore

(c) Deep sea

(d) Fresh water, shore

57. The major functional components of an ecosystem are :

(a) Energy flow and food chain

(b) Decomposers and food chain

(c) Energy flow and mineral recycling

(d) Energy flow and decomposers

55. चमगादड़ शामिल है :

(अ) इन्सेक्टीवोरा वर्ग में

(ब) फ्रूगीवोरा वर्ग में

(स) लेपीडोप्टेरा वर्ग में

(द) काइरोप्टेरा वर्ग में

56. लिट्टोरल प्राणी पाये जाते हैं :

(अ) ताज़ा पानी, गहराई में

(ब) समुद्र के पानी, किनारे पर

(स) समुद्र की गहराई में

(द) ताजा पानी, किनारे पर

57. एक पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख कार्यात्मक घटक हैं :

(अ) ऊर्जा प्रवाह तथा भोजन शृंखला

(ब) भोजन शृंखला व अपघटक

(स) ऊर्जा प्रवाह व खनिज पुन:चक्रण

(द) ऊर्जा प्रवाह व अपघटक

58. Part of body most affected by radiation is :

(a) Bone marrow

(b) Liver

(c) Brain

(d) Muscles

59. Which layer is farthest from earth ?

(a) Stratosphere

(b) Ionosphere

(c) Mesosphere

(d) Troposphere

60. Indravati Tiger Reserve is in :

(a) Orissa

(b) Arunachal Pradesh

(c) Chhattisgarh

(d) Jharkhand

58. विकिरण से अत्यधिक कुप्रभाव शरीर के निम्न भाग पर पड़ता है :

(अ) अस्थि मज्जा

(ब) यकृत

(स) मस्तिष्क

(द) माँस-पेशियाँ

59. कौनसी परत धरती से सबसे दूर है ?

(अ) स्ट्रेटोस्फीयर

(ब) आयनोस्फीयर

(स) मीज़ोस्फीयर

(द) ट्रोपोस्फीयर

60. इन्द्रावती टाइगर रिजर्व स्थित है :

(अ) उड़ीसा में

(ब) अरुणाचल प्रदेश में

(स) छत्तीसगढ़ में

(द) झारखण्ड में

61. Loris in India is found in :

(a) Jammu and Kashmir

(b) Leh and Ladakh

(c) Andaman and Nicobar

(d) Assam and Western Ghats

62. Two different species cannot live together for long in same niche, this law is :

(a) Allen's law

(b) Weismann's law

(c) Lack's law

(d) Gause's law

63. Stiffling is related to :

(a) Apiculture

(b) Sericulture

(c) Lac culture

(d) Fish culture

61. शर्मीली बिल्ली भारत में मिलती है :

(अ) जम्मू-कश्मीर में

(ब) लेह-लद्दाख में

(स) अंडमान-निकोबार में

(द) आसाम-वेस्टर्न घाट में

62. दो विभिन्न जातियाँ लम्बे समय तक एक ही निकेत में एक-साथ आवास नहीं कर सकतीं, यह नियम है :

(अ) ऐलेन का नियम

(ब) वीज़मैन का नियम

(स) लैक का नियम

(द) गॉज़ का नियम

63. स्टिफिलिंग का सम्बन्ध है :

(अ) मधुमक्खी पालन से

(ब) रेशम कीट पालन से

(स) लाख कीट पालन से

(द) मत्स्य पालन से

64. Common name of *Wuchereria bancrofti* is :

(a) Filaria worm

(b) Pin worm

(c) Guinea worm

(d) Blood worm

65. Australorp is the name of a :

(a) Fish

(b) Cow

(c) Fowl

(d) Prawn

66. Learned words are stored in :

(a) Limbic area

(b) Broca's area

(c) Basal area

(d) Wernik's area

67. Concept of sign stimulus was proposed by :

(a) Konrad Lorenz

(b) Niko Tinbergen

(c) Karl Von Frisch

(d) All of the above

64. **वूचेरेरिया बेन्क्रोफ्टी** का सामान्य नाम है :

(अ) फाइलेरिया कृमि

(ब) पिन कृमि

(स) गिनी कृमि

(द) रुधिर कृमि

65. ऑस्ट्रेलोर्प नाम है, एक :

(अ) मछली का

(ब) गाय का

(स) पक्षी का

(द) झींगा का

66. सीखे गये शब्दों का भण्डारण होता है :

(अ) लिम्बिक क्षेत्र में

(ब) ब्रोका क्षेत्र में

(स) बेसल क्षेत्र में

(द) वर्नीक क्षेत्र में

67. सूचक उद्दीपन की धारणा प्रतिपादित की थी :

(अ) कॉनरेड लॉरेन्ज़ ने

(ब) निको टिनबर्जन ने

(स) कार्ल वॉन फ्रिश ने

(द) उपर्युक्त सभी ने

68. Critical period is found in :

(a) Habituation

(b) Imprinting

(c) Genetics

(d) Reciprocation

69. Which of the following *cannot* display more than one variable ?

(a) Frequency Polygon

(b) Bar Diagram

(c) Histogram

(d) Pictogram

70. Which of the following is *not* a measure of central tendency ?

(a) Mode

(b) Standard deviation

(c) Mean

(d) Median

68. क्रान्तिक काल होता है :

(अ) अभ्यस्तता में

(ब) अध्यंकन में

(स) आनुवंशिकी में

(द) व्युत्क्रमण में

69. निम्न में से कौन एक से अधिक चर को **नहीं** दर्शा सकता ?

(अ) बारम्बारता बहुभुज

(ब) बार चित्र

(स) बारम्बारता आलेख

(द) पिक्टोग्राम

70. निम्न में से कौनसा केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप **नहीं** है ?

(अ) बहुलक

(ब) मानक विचलन

(स) औसत (माध्य)

(द) माध्यिका

Space for Rough Work

कच्चे कार्य के लिए स्थान

SLAD